जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

57/2017

A3

अपील सूचना अधिकार संख्या 57/2017 अनवानी श्री हरचन्द भांभू पुत्र ख्यालीराम भांभू जाति जाट, निवासी ग्राम पोस्ट राजपुरा पीपरेन तहसील सूरतगढ जिला श्रीगंगानगर, बनाम तहसीलदार, सूरतगढ

25–07–2017

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी श्री हरचन्द उपस्थित नही है। अपीलार्थी श्री हरचंद भांभू का डाक से प्राप्त प्रार्थना पत्र दिनांक 18.07.2017 शामिल पत्रावली किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार, सूरतगढ़ की तरफ से बेबी बिश्नोई, पटवारी उपस्थित है उनके द्वारा तहसीलदार (भू.अ.) सूरतगढ का प्रतिवेदन संख्या 2828 दिनांक 24.07.17 प्रस्तुत किया जो शामिल पत्रावली किया गया। तहसीलदार, सूरतगढ़ के प्रतिनिधि बेबी बिश्नोई, पटवारी को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि अपीलार्थी श्री हरचंद भांभू ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपने आवेदन पत्र दिनांक 6.03.2017 के द्वारा तहसीलदार, सूरतगढ़ से निम्न सूचनाएं चाही थीः–

1. तहसील सूरतगढ़ के चक 2 पी.पी.एन.के
   प.न. 152/52 मु.न. 35,
   प.न. 152/53 मु.न. 44,
   प.न. 152/60 मु.न. 36,
   प.न. 152/61 मु.न. 43, जिन खसरों से बने हैं, उन खसरों की जानकारी संबंधी दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि।
2. बिन्दु संख्या 1 में वर्णित संबधित खसरो संबंधी मिसल बन्दोबस्त की प्रमाणित प्रतिलिपि।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस आधार पर प्रस्तुत की गई है कि उसके द्वारा चाही गई उक्त सूचनांए लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित 30 दिन से अधिक का समय लगाते हुए भी उपलब्ध नही करवाई गई है। इस संबंध में लोक सूचना अधिकारी द्वारा उसे जो पत्र प्रेषित किया गया है उसमें शुल्क का विवरण अंकित नही किया गया है, जानबूझकर देरी कर उसे गुमराह किया जा रहा है। इस संबंध में उसके द्वारा दिनांक 12.05.17 को पुनः प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किया है किन्तु अभी तक उसे कोई सूचना प्राप्त नही हुई है। इसलिए उसके द्वारा चाही गई सूचना उसे उपलब्ध करवाई जावे एवं लोक सूचना अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावे।

अपीलार्थी के अपील पत्र पर त्हीलदार (भू0अ0) सूरतगढ़ ने अपना प्रतिवेदन संख्या 2828 दिनांक 24.07.2017 प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी को उनके कार्यालय के पत्र सं0 2670 दिनों 12.07.17 से सूचित कर दिया गया है उनके द्वारा यह भी प्रार्थना की गयी है कि कार्य अधिकता, भू अभिलेख में कार्मिको की कमी व कैम्प न्याय आपके द्वारा के मददेनजर देर हो गई है वर्तमान में प्रार्थी को सूचित कर दिया गया है।

जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

पत्रावली के अवलोकन से पाया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचनांओ के संबंध में तहसीलदार (भू.अ.) सूरतगढ़ ने अपने पत्र सं0 1131 दिनांक 13.04.17 के द्वारा सूचित किया गया है कि चक 2 पीपीएन के प0न0 152/52 मु.न. 35, प.न. 152/53 मु.न. 44, प.न. 152/60 मु.न. 36,प.न. 152/61 मु.न. 43, जिन खसरों से बने है, उन खसरों की जानकारी व मिसल बन्दोबस्त की जानकारी चाही है। उक्त दस्तावेजो की प्रमाणित प्रतिलिपि नियमानुसार निर्धारित प्रतिलिपि शुल्क का संदाय कर तहसील कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। जिस पर प्रार्थी ने अपने आवेदन पत्र दिनांक 12.05.17 के द्वारा सूचना डाक द्वारा उपलब्ध करवाने एवं चाहा गया शुल्क आदि का विवरण चाहा था। जिस पर तहसीलदार (भू.अ.) सूरतगढ ने अपने पत्र सं0 2670 दि0 12.07.17 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित किया गया कि बिन्दु सं0 1 की सूचना तलाश की जा रही है और रिकार्ड पुराना होने के कारण समय लग रहा है, रिकार्ड मिलते ही आपको सूचित कर दिया जावेगा। बिन्दु सं0 2 में मिसल बन्दोबस्त की प्रमाणित प्रतिलिपि का शुल्क 160/-(एक सौ साठ रूपये) जो तहसीलदार, सूरतगढ के नाम देय है व साथ ही डाक टिकट (25/-) पच्चीस रूपए लगा लिफाफा भिजवाने पर नकल भिजवा दी जावेगी।

अपीलार्थी को बिन्दु सं0 2 की सूचना के संबंध में उक्तानुसार राशि का संदाय तहसीलदार, सूरतगढ़ को कर सूचना प्राप्त करनी चाहिए। बिन्दु सं0 1 की सूचना के संबंध में लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (भू.अ.) सूरतगढ़ को निदेशित किया जाता है कि बिन्दु सं0 1 की सूचना के संबंध में आदेश प्राप्ति से 7 दिवस के भीतर निस्तारण किया जावे एवं तहसीलदार(भू.अ.) सूरतगढ को यह भी हिदायत की जाती है कि भविष्य में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो का नियमानुसार निर्धारित समय अवधि में ही निस्तारण किया जाना चाहिए।

अपीलार्थी की अपील उक्तानुसार निस्तारित की जाती है। आदेश की प्रति लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (भू.अ.) सूरतगढ़ को पालनार्थ भिजवाई जावे। आदेश की प्रति अपीलार्थी को भी भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो।

16/8-19
03/08/17

आदेश आज दिनांक 25.07.2017 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(ज्ञाना राम)
जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर